संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) से (ग) नयी दूरसंचार नीति का उद्देश्य, दूरसंचार सेवाओं में तेजी से वृद्धि करने और उनकी गुणवत्ता बेहतर बनाने के लिए दूरसंचार विभाग के प्रयासों में सहायता पहुंचाना है। यह कहना सही नहीं है कि अधिकांश टेलीफोन खराब पड़े रहते हैं। वर्ष 1993–94 के दौरान एक महीने में औसतन 100 टेलीफोनों में से करीब 15 टेलीफोन खराब रहे।

ओ० बी० नम्बरों के विरुद्ध टेलीफोन सुविधाएं

7490. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**

श्री दिग्विजय सिंह :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तत्कालीन सरकार द्वारा अप्रैल, 1991 तक स्वीकृत किए गए नए टेलीफोन कनेक्शनों की संख्या कितनी है;

(ख) सरकार द्वारा अप्रैल, 1991 तक मंजूर किए जा चुके टेलीफोन कनेक्शनों में से कितने लोगों को विभाग द्वारा 20 जून, 1991 तक ओ०बी० नम्बर जारी कर दिए गए और क्या ऐसे सभी ओ०बी० नम्बरों को टेलीफोन सुविधा उपलब्ध करा दी गई है;

(ग) यदि हां, उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो क्या सरकार का शेष ओ० बी० नम्बर धारकों को टेलीफोन कनेक्शन प्रदान करने का विचार है, और

(घ) यदि हां, उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, उसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री : (श्री सखराम) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ?

उत्तर प्रदेश के लिए टेलीफोन सलाहकार समिति

7491. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हाल में उत्तर प्रदेश सर्किल के लिए गठित की गई टेलीफोन सलाहकार समिति का पूरा विवरण क्या है; और

(ख) उपर्युक्त समिति के सदस्यों के नाम और पते क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) उत्तर प्रदेश के लिए गठित की गई पिछली दूरसंचार समिति का कार्यकाल 28.2.1994 को समाप्त हो चुका है। उत्तर प्रदेश के लिए नई दूरसंचार सलाहकार समिति का गठन किया जा रहा है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Working Croup for Issuing Guideline* in respect of New Telecom Poky

7492. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Govement have set up a new Working Group headed by Member, Technology of Telecom Commission, to submif its report on the guidelines proposed to be issued in relation to !tie New Telecom Policy norms to be set up, if so, what progress made in this regard;

(b) whether it is a fact that under the New Telecom Policy government propose to provide telephones on request by 1997;

(c) what are the other guidelines issued pertaining to private sector investment in Telecom Sector; Pattern of equity participation by foreign companies including the Multinational Corporations Non-Resident Indians' collaboration with Indian companies, revenue and tariff star-